तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

13 बीकानेर में नगर की दो मुमुक्षु बहनों की ...

14 विश्व पर्यावरण दिवस पर स्काउट्स गाइड्स ...




## खबर संक्षेप

### उधारी वसूलने दोनों ने की मारपीट, रिपोर्ट हुई दर्ज

**बालोद।** शहर मे उधारी पैसे के वापसी मांग को लेकर दो लोगो ने एक व्यक्ति व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के शीतला मंदिर चौपाटी के पास दो लोगो ने दंपती की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार ग्राम खैरवाही आवास पारा निवासी माधवन डोंगरे ने जानकारी दी कि बालोद से किराया भंडार का सामान 2021 मे खरीदा था। जिसका 20 हजार रूपये देना बाकी था। 2 जून को पत्नी व अन्य रिश्तेदार के साथ पारिवारिक काम से दुर्ग गया था। दुर्ग से रात 9:30 बजे बालोद मे शीतला मंदिर चौपाटी पहुंचा था। इस दौरान हीरामन ने कॉल किया तो उसे बुलाया। बार कोड मे 10 हजार ऑनलाईन ट्रांजेक्शन किया। जिसके बाद हीरामन व आशीश गुप्ता ने पूरा 20 हजार चाहिए कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। बीच बचाव पत्नी आई तो उनके हाथ को मरोड़कर मारपीट की। बालोद थाने मे दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### स्कूटी सवार दो युवक सड़क हादसे में घायल

**बालोद।** अपने निजी काम से स्कूटी के माध्यम से दल्लीराजहरा से जिला मुख्यालय आए दो व्यक्ति का वापस दल्लीराजहरा जाने के दौरान ग्राम दैहान के पास सड़क हादसा हो गया, जिसमे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जो ईलाज के बाद खतरे से बाहर है। दल्लीराजहरा निवासी सोनू व बिट्टू अपने निजी कार्य से जिला मुख्यालय आए हुए थे, जहां वे अपने निजी कार्य संपन्न करने के बाद वापस जिला मुख्यालय से दल्लीराजहरा के लिए स्कूटी के माध्यम से जा रहे थे, लेकिन ग्राम दैहान के पास दोनो सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमे वे गंभीर रूप से घायल हो गए तथा दोनो के सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्सो से रक्त बह रही थी जिसको देखते हुए आस पास के लोगो ने उन्हे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका ईलाज चल रहा है।

### महिला पंच उसके पति और बेटे की पिटाई, मामला दर्ज

**बालोद।** नए मकान का कॉलम खड़े करने के विवाद को लेकर तीन लोगो ने एक महिला पंच व उसके पति व बेटे से मारपीट कर दी। जिसके बाद महिला पंच ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नरबदा के वार्ड 15 की महिला पंच निर्मला बाई साहू ने जानकारी दी कि 3 जून को सुबह 6 बजे मकान के लिए कॉलम निर्माण करवा रहे थे। इस दौरान भूखन लाल साहू, हिमेश साहू शेष पेज 12 पर

# कोरोना संक्रमण से निपटने स्वास्थ्य अमले ने किया 233 बार माक डिल

हरिभूमि न्यूज | बालोद

राज्य के कई जिलो मे बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिला स्वास्थ्य अमला सक्रिय हो गया है तथा जिले मे कोई भी ऐसी स्थिति के सामना के लिए पहले से ही तैयारी प्रारंभ कर दी गई है जिसके तहत कोविड 19 पैनडेमिक से संबंधित संक्रमण से बचाव और तत्परता सुनिश्चत करने के लिए जिला व विकासखण्ड स्तर पर 4 व 5 जून को जिले के शासकीय चिकित्सालयो जिला अस्पताल 1, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र 06, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र 30, उपस्वास्थ केन्द्र 196 कुल 233 मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## जिला अस्पताल 1, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र 6, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र 30, उपस्वास्थ केन्द्र 196 हुआ आयोजन



### प्रोटोकाल के पालन की अपील

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी ने पैन इंडिया कोविड 19 मॉक ड्रिल के दौरान शासकीय चिकित्सालयो मे संभावित लक्षणयुक्त मरीजो का कोविड 19 टेस्टिंग किये जाने हेतु निर्देश दिये गये तथा आमजन मानस को कोविड 19 प्रोटोकाल का पालन करने की अपील की गई।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के मार्गदर्शन मे पैन इंडिया मॉक ड्रिल मे स्वास्थ सुविधाओ की उपलब्धता, आईसोलेशन बेड की क्षमता, ऑक्सीजन युक्त बेड, आईसीयू बेड, वेन्टीलेटर युक्त बेड, डॉक्टरो, स्टॉफ नर्सो, पैरामेडिकल स्टॉफ की उपलब्धता जैसे मापदण्डो को परखा गया। इस दौरान आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य फ्रन्टलाईन कार्यकर्ताओ की जानकारी ली गई। पैन इंडिया मॉक ड्रिल करने का मुख्य उद्दे"य कोविड 19 पैनडेमिक से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयारियो का पूर्ण आकलन करना है।

## ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शिक्षकों की पदस्थापना का संतुलन बनेगा : कलेक्टर

# युक्तियुक्तकरण से विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता की जा रहा है सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज | बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का कार्य सभी शालाओं में बच्चों के दर्ज संख्या के

- युक्तियुक्तकरण का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ

अनुपात में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मुहैया कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में पे्रसवार्ता लेकर आवश्यक जानकारी साझा की। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण होने से



ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रें में बच्चों के दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों के पदस्थापना का संतुलन भी बना रहेगा। कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण के प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना शिक्षकविहीन, एकल शिक्षकीय एवं विद्यार्थियों के दर्ज संख्या के अनुपात में आवश्यकता वाले शालाओं में किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी के सहयोग से बालोद जिले में अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का कार्य बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने सभी वर्गों से मिले सहयोग के लिए आभार भी माना। प्रेसवार्ता के दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी कोसरे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों पर शिक्षक मंच ने अफसरों से की चर्चा



**बालोद।** जिले में युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों के काउंसिलिंग की प्रक्रिया व पदांकन में हुई त्रुटियों के निराकरण के लिए शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों ने प्रभावित शिक्षकों से प्राप्त आवेदन के आधार पर निराकरण के लिए प्रभारी डीईओ एवं सचिव, जिला युक्तियुक्तकरण समिति बालोद डीपी कोसरे से मुलाकात कर चर्चा की व ज्ञापन सौंपा। काउंसिलिंग के समय प्रदर्शित रिक्त पदों की सूची में माध्यमिक शाला के विषयवार प्रदर्शित पदों में कंही कंही हुई त्रुटियों, कनिष्ठ के स्थान पर वरिष्ठ को अतिशेष की श्रेणी में लाने व विषय के शिक्षक की उपलब्धता पर फिर उसी विषय के शिक्षक के पद स्थापना तथा व्याख्याता गणित की पदांकन त्रुटि आदि के निराकरण के लिए संबंधित प्रभावित शिक्षकों की उपस्थिति में निराकरण के लिए चर्चा किया गया। अधिकारी ने सभी विसंगति को निराकरण के लिए जिला समिति में रखने का आश्वासन दिया। विदित हो कि समय पूर्व अतिशेष शिक्षकों व रिक्त पदों की सूची जारी न करने, दावा आपत्ति न लिए जाने के कारण कई गंभीर त्रुटियां सामने आ रही है। सभी के निराकरण के लिए अधिकारी से चर्चा किया गया। डीईओ से मुलाकात में जिला संचालक शिक्षक साझा मंच दिलीप साहू, संदीप दुबे, पवन कुम्भकार, सूरज गोपाल गंगबेर, रघुनंदन गंगबोइर धर्मेन्द्र सोनी, विष्णु चौधरी, होमप्रकाश गंजीर, लिलेश्वरी रावटे, लिखमीचंद सार्वा, ऋतु बघेल सहित अन्य प्रभावित शिक्षक शामिल थे।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार गर्भवती की हुई मौत, पति गंभीर



हरिभूमि न्यूज | बालोद

ईलाज के लिए बाईक से अस्पताल जा रहे दंपति को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमे पीछे बैठी गर्भवती महिला की मौके पर ही मौत हो गई व बाईक चालक उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा पुरुर थाना क्षेत्र के चिटौद गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, दंपति इलाज के लिए बाइक से अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान चिटौद गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की मौके पर



ही मौत हो गई, वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

मृतक महिला की पहचान 35 वषर्ए्य नेमलता साहू के रूप में हुई है, जो गर्भवती थी। जबकि उसका पति 39 वषर्ए्य कोमल साहू गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। दोनों कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक के पूरी गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

# भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग की जनता परेशान : ताम्रध्वज साहू



हरिभूमि न्यूज | अंडा

दुर्गग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क के दौरान ग्राम सिलोदा, पिसेगांव, निकुम एवं मचांदुर में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुना और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं और लोगों की मदद कर रहे हैं. उन्होंने बताया की दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास में वर्तमान में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का विकास बाधित हो रहा है।

इन समस्याओं के कारण क्षेत्र में विकास की गति धीमी है और लोगों की बुनियादी ज़रूरतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। लोगों की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास करना चाहिए। क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष योजनाएं लागू करनी चाहिए।विधानसभा क्षेत्र में विकास को बाधित करने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि क्षेत्र में विकास की गति तेज हो सके और लोगों की जीवनशैली में सुधार आ सके।इस मौके पर उन्होंने लोगों को शेष पेज 12 पर

# दाई बबा दिवस शिविर में 4122 बुजुर्गों का स्वास्थ्य हुआ परीक्षण

हरिभूमि न्यूज | बालोद

जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरो मे आम जनता के बेहतर स्वास्थ तथा बुजुर्गो के स्वास्थ का विशेष ध्यान रखते हुए उनके बेहतर स्वास्थ लाभ उद्देश्य के लिए 4 जून को दाई बबा दिवस का आयोजन किया गया। उक्त दिवस मे कुल 4122 व्योवृद्ध व्यक्तियो की जांच की गई। जिसमे 3277 की उच्च रक्तचाप जांच, 3161 मधुमेंह जांच, 2828 मुख्य जांच, 993 आंख जांच, 851 टीबी जांच, 969 कृष्ट जांच, 2889 मानसिक स्वास्थ जांच प्रदान की गई।

जो कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी के मागदर्शन मे जिला



नोडल अधिकारी डॉ संजीव ग्लैड तथा जिला प्रबंधक अखिलेश शर्मा आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्दे"य समुदाय मे बुजुर्गो के सम्मान और सहभागिता को बढ़ावा देना, बुजुर्गो के स्वास्थ की समग्र जांच एवं परामर्श प्रदान करना, पीढ़ियो के बीच संवाद और भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करना, युवाओ को बुजुर्गो की देखभाल एवं सेवा के प्रति संवेदनशील बनाना है। उक्त कार्यक्रम मे मितानीन, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के माध्यम से प्रचार प्रसाद, साज सजावट बच्चो को शेष पेज 12 पर

### दल्ली चौक पर एक अज्ञात शव, मिलने से सनसनी

**बालोद।** जिला मुख्यालय के दल्लीचौक मे एक अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने से सुबह दुकान खोलने वाले लोगो मे दहशत का माहौल छा गया। अज्ञात शव के पहचान के लिए पुलिस ने फोटो के साथ जानकारी साझा की है तथा लोगो से अपील की है कि शव के पहचान होने पर पुलिस थाने मे जानकारी साझा करे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जवाहरपारा बालोद वार्ड नंबर 1 सैफअली खान पिता साफिक खान उम्र 23 वर्श ने थाना पहुंचकर जानकारी दी कि दल्लीचौक बालोद पंजाब स्टोर्स के सामने मृतक अज्ञात पुरूश उम्र करीब 40–50 वर्श का शव पड़ा है। मृतक का हुलिया पतला दुबला, साधारण बदन, सामने हल्का सा चंदवा है, फीका हरा कलर का फुल शर्ट पहना है, काला फुलपैट पहना है कि रिपोर्ट पर थाना बालोद मे धारा 194 बीएनएस कायम कर पंचनामा कार्यवाही मे लिया गया है। पुलिस ने अपील की है कि अपने थाना क्षेत्रअंतर्गत मृतक के हुलिया के गुम इंसान हो तो वारिसान का पतासाजी कर मिलने पर थाना बालोद को सूचित करे।

## 8 से 12 दिसंबर तक होने वाले 108 कुंडलीय विशाल महागायत्री यज्ञ का प्रचार किया

# गंगा दशहरा व गायत्री जयंती पर 8 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 8 की दीक्षा

हरिभूमि न्यूज | बालोद

गायत्री शक्तिपीठ बालोद में गंगा दशहरा और गायत्री जयंती के उपलक्ष्य में गायत्री मंदिर में 8 कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आरके साहू थे। अध्यक्षता श्यामा देवी साहू ने किया। विशेष अतिथि नंदा गंधर्व और जिला उप समन्वयक डीके कलिहारी थे।

अतिथियों का स्वागत गायत्री मंदिर के पुजारी ने अक्छत तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके पूर्व पांच कुंडी यज्ञ संगीत और मंत्रें उच्चारण से विधि पूर्वक हवन कराया गया। इसी यज्ञ के साथ शिक्षा और दीक्षा संस्कार 8 सदस्यों ने ग्रहण किया। कलिहारी और आरके साहू ने 8 से 12 दिसंबर तक होने वाले विशाल 108 कुंण्डलीय महा गायत्री यज्ञ के लिए 3000 से अधिक हवन करने वाले यजमान के लिए संपर्क करने और अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न संस्कार करने प्रेरित



करने का गया। साहू ने गायत्री को सर्वशक्ति प्रदायिनी कहा विशेष कर बच्चो के लिए उपयोगी बताया कहा कि गायत्री से जुड़ने से बहुत से अवगुण नष्ट हो जाते है, विशेष अतिथि पिस्दा ने भी संकल्प शक्ति से इस यज्ञ में जुड़ने और अंशदान के साथ साथ घंटे का समय दान करने आहूत किया।

श्यामा ने कहा गायत्री साक्षात है जीवन में हमने बहुत चमत्कार देखे है। आप लोग भी गायत्री मंत्र जपकर पा सकते है। जिस प्रकार से भगीरथ ने कठोर तप कर गंगा को लाया उसी प्रकार विश्वामित्र ने जेठ महीना के एकादशी को और भागीरथी ने कठोर तप करके पूर्ण कर गंगा को पृथ्वी में लाया और अपने मृत पुत्रें को जीवित किया।

इसी के परिपेक्ष्य में शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में भोजन परसादी खिलाया गया। मंच संचालन कार्यकर्ता आरपी यादव ने किया। कार्यक्रम मे युगल किशोर, निर्देश सोनबोईर, खेमलाल साहू भोजन परसादी खिलाया। इस अवसर पर कमल, कांति, शिव दंपति, पुष्पा यादव, दिलेश्वरी साहू, कांति राणा कोशिकी सोनबोई, कमल टुवानी, अमृत सोनी, त्रिलोक साहू वृंदा, सत्यभामा साहू, लोचन राम साहू सहित अनेक गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शांतिपाठ कर कार्यक्रम समाप्त किया गया।

# जिला व ब्लाक के स्वास्थ केंद्रों में पर्यावरण दिवस मनाय गया

हरिभूमि न्यूज | बालोद

विश्व पर्यावरण दिवस को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी स्वास्थ केन्द्रो मे मनाया गया। जिसमे स्वास्थ विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वि"व पर्यावरण दिवस का थीम प्लास्टिक से होने वाले प्रदुशण को कम करना होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियो, कर्मचारियो को प्लास्टिक के वस्तुओ का उपयोग कम करना, पौधा रोपण करने एवं आस पास मे



गंदगी न फैलाने और वातावरण स्वच्छ रखने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही आम जनमानस से अपील किया गया कि यह दिवस प्रत्येक नागरिक के लिए विशेष है उनको एक साथ आगे आने तथ आने वाले पीढ़ियो के लिए एक साफ स्वच्छ हरे भरे तथा प्रदूशण रहित पर्यावरण आवरण को सुनिश्चत करने के लिए तथा समस्यओ को पहचानने की ओर उनके उचित निदान निकालने की आवश्यकता है। जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए शिविर 5 से 8 तक

**दुर्ग।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर के लिए शिविर का आयोजन 5 एवं 6 जून को इस्पात क्लब सेक्टर 4 भिलाई और 7 एवं 8 जून को इस्पात क्लब सेक्टर 7 भिलाई में आयोजित की गई है। उक्त प्रस्तावित शिविर में अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर किया जा सकता है। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। शिविर स्थल में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी के कर्मचारी उपस्थित रहकर करेंगे।

### जेम पोर्टल से खरीदी के लिए प्रशिक्षण आज

**दुर्ग।** राज्य शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम पोर्टल से किया जाना आवश्यक है। इसी परिक्षेप्य में दुर्ग संभाग स्तरीय प्रशिक्षण 5 एवं 6 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सभागार में आयोजित है। उक्त प्रशिक्षण में समस्त विभाग के अधिकारी अथवा लेखा कार्य से संबंधित कर्मचारी को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### महमरा में मनाया गया दाई बाबू दिवस



**दुर्ग।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय गैर संचारी रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत दाई- बाबा दिवस 04 जून 2025 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर महमरा में आयोजित किया गया। जिसका थीम ‟हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर” में आए हुए गांव के वरिष्ठजनों का बी. पी, शुगर इत्यादि जाँच किया गया साथ साथ उनका स्वागत गुलाल, फूल, श्रीफल भेंट देकर किया गया। जिसमें ग्राम से नर्मदा ठाकुर सरपंच, केवल निषाद , उपसरपंच सभी उपस्थित रहें।

# शिविर में आए आवेदनों को निराकरण के बजाय अफसर कर रहे फारवर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण करने के बजाय अफसर इसे दूसरे विभाग में भेजकर इतिश्री कर रहे है। टीएल की बैठक में कलेक्टर अभिजित सिंह ने इस प्रकरण को लेकर विभाग प्रमुखों पर नाराजगी जताई है। उन्होने ऐसे में विभाग प्रमुख पर नजर रखने डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को निगरानी करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने समय-सीमा लंबित आवेदनों के विभागवार गहन समीक्षा की और अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री अन्य पत्र, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन (वेब) पोर्टल, पीजीएन (पोस्ट) और सारथी पोर्टल में लंबित आवेदनों पर असंतोष व्यक्त करते हुए तीन माह व एक वर्ष तक के लंबित आवेदनों के निराकरण पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्हाने विभागों द्वारा आवेदन निराकृत करने के बदले दूसरे विभाग को आवेदन फार्वड करने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने पर्यावरण दिवस पर 5 जून को सभी विभागों द्वारा वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये। वन विभाग से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने विभागों में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्हांने कहा कि अनाधिकृत रूप से विभाग में अनुपस्थित कर्मचारी के विरूद्ध सक्षम अधिकारी कड़ी कार्यवाही करें।

## बंद योजनाओं के खाते बंद नहीं होने पर वित्तीय अनियमितता पर कार्रवाई

### बंद योजनाओं का खाता भी करे बंद

कलेक्टर ने कहा यदि विभाग द्वारा संचालित योजना बंद हो गई है और बैंक खाते बंद नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध वित्तीय अनियमितता संबंधित कड़ी कार्यवाही होगी। डीईओ को स्कूल खुलने पर स्कूलों में आधार अपडेशन शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। डीएमसी को स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्वीकृति संबंधित निर्माण एजेंसियों को उपलब्ध कराने कहा। विद्यार्थी दुर्घटना बीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में विलम्ब होने पर नाराजगी व्यक्त की। सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाये जाएंगे। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्णय से अवगत



### केनाल में कब्जे पर कार्रवाई के निर्देश

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में केनाल से अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही करने कहा। कलेक्टर ने कहा विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की पेंशन प्रकरण की समय पर निराकृत हो, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की भी समीक्षा की गई। योजना अंतर्गत जिले के चयनित विकासखण्ड धमधा के ग्राम नवागांव, सिरनाभांठा और सेमरिया एवं विकासखण्ड पाटन के ग्राम अकतई में संबंधित विभाग को गैप फिलिंग करने हेतु निर्देशित किया। इस योजना में 17 विभागों के 25 गतिविधियां जैसे पक्के घर, पक्की सड़के, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता, मोबाईल नेटवर्क, चिकित्सा सुविधा, एलपीजी कनेक्शन, आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापना, छात्रावास निर्माण इत्यादि शामिल है। कलेक्टर ने अगवत कराया कि जिले में बाल विवाह मुक्त गांव भी घोषित किया जाना है।

## 140 से अधिक शिक्षक 50 से 140 किमी तक दूरी से करते हैं आवागमन

# मुख्यालय से कोसो दूर रहकर भी गृह भाड़ा का लाभ ले रहे शिक्षकों को बीईओ ने भेजी नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

मुख्यालय से कोसो दूर रहकर गृह भाड़ा का लाभ ले रहे शिक्षकों को बीईओ द्वारा भेजे गए नोटिस के जवाब में सीएससी एवं स्कूलों द्वारा निवास मुख्यालय की जानकारी भेजी गई है,जिसमें 140 से अधिक शिक्षकों ने 50 से 140 किमी तक दूरी से आवागमन स्वीकार कर लिया है,अब आगे इन शिक्षकों पर नियमानुसार कार्यवाही की अनुशंसा बीईओ द्वारा जिला डीईओ कार्यालय से की जाएगी। वहीं हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों द्वारा विकासखंड शिक्षाधिकारी के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे यह साफ हो गया कि इन प्राचार्य जनों को शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों की जांच का कोई भय नहीं रह गया है। साथ ही विभागीय उच्चअधिकारियों को चुनौती दिया जाना प्रतीत हो रहा है।

विदित हो कि ब्लॉक के स्कूलों में शिक्षको द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गृह भत्ता लाभ लेने की सूचना बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और विकासखंड शिक्षाधिकारी जे एस भारद्वाज ने सभी स्कूलों के प्राचार्य और प्रधानपाठकों को नोटिस जारी कर मुख्यालय से बाहर रहकर आवागमन करने वाले शिक्षकों की पूरी जानकारी मांगी गई। जिसमें समस्त स्कूलों के शिक्षकों और व्याख्याताओं ने आदेश का पालन करते हुए अपने अपने निवास मुख्यालय की सही जानकारी दे दी गई है।



इससे जिला शिक्षाधिकारी पर नियमानुसार कार्यवाही आदेश की प्रबल संभावना बन गई है। जानकारो का कहना है कि कोई भी शासकीय कर्मचारी अपने मुख्यालय से कोसो दूर रहते है वह गृह भत्ता के पात्र श्रेणी में नहीं आते तथा फर्जी दस्तावेजों के सहारे दोहरा लाभ ले रहे है तो विभागीय कार्यवाही की जांच में सिद्ध पाए जाने पर पिछले समस्त वर्षों के गृह भाड़ा की राशि उनसे रिकवरी किए जाने का प्रावधान है। यदि कारवाई में रिकवरी होती है तो शासन के खाते में करोड़ों रुपए जमा हो जायेंगे।

### इन शिक्षकों ने स्वीकारी मुख्यालय दूरी

ब्लाक मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक जिन्होंने विकासखंड शिक्षाधिकारी कार्यालय को जानकारी देकर बताया है कि वे कहा से आना जाना कर रहे है उनमें शासकीय प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक अशोक कुमार सेन पाटन, खर्रीटोला पल्लवी गुप्ता दुर्ग, रोहिणी साहू दुर्ग,कुसुमकसा सुंदर कुमार भट्टाचार्य भिलाई, अडजाल शानू जूरी चारामा,आमाडुला मिश्रीलाल सिन्हा चारामा,गोटुलमुंडा प्रधानपाठक चंद्रहास ठाकुर माहुद,पुरुषोत्तम कुमार हिरवानी गुरूर,अरजगुंडा कमलेश कुमार भिलाई,सुवरबोड प्रशांत कुमार उतई दुर्ग, करीयाटोला महेंद्र देवांगन दुर्ग,कुसुमकसा चंद्रशेखर देशमुख केवट नवागांव, कल्पना महाजन दुर्ग,घोटिया दीपक कुमार नायक दुर्ग,गुजरा चित्ररेखा जोशी भिलाई,कुवांगोंदी ज्योति भारती भिलाई, पंडेल पार्वती साहू भिलाई, सेजेस नया बाजार राजहरा रोशनी साहू,डौंडी सेजेस ज्योति मेश्राम दुर्ग,चिखलाकसा सेजेस अरविंद कुमार जायसवाल संलग्न प्रयास रायपुर, आमाडुला सेजेस स्नेहलता शर्मा चारामा। बेलोदा सुधा वर्मा दुर्ग,अंजू शर्मा दुर्ग,खिलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव दुर्ग, शुभांगिनी सिंह मौर्य भिलाई 03,मीनाक्षी शर्मा दुर्ग,भर्रीटोला कुंजलाल देवांगन कोरर, कुरदुला केरकेट्टा भिलाई,स्मृति श्रीवास्तव भिलाई, ए सीतादेवी भिलाई, बिटाल भूपेंद्र कुमार बोरसी दुर्ग, कुआंगोंदी मीनाक्षी अग्रवाल भिलाई, कुमूरकट्टा सिन्हा संलग्न वि वि के दुर्ग,घोटिया मंजू नायक पद्मनाभापुर दुर्ग,मंजू साहू बोरसी दुर्ग,भैंसबोर्ड राजीव पाटिल संलग्न शिक्षक संवर्ग दुर्ग, चिखलाकसा केवल कृष्ण मेश्राम संलग्न लोक शिक्षण संस्थान रायपुर,पटेली यशवंत कुमार आरदे दुर्ग, मरकाटोला कमलेश जोशी संलग्न बीईओ बेमेतरा,बेलोदा चपरासी अमित ध्रुव धमतरी, नर्रा टोला चपरासी कृष्ण कुमार उर्वसा पिंगाल,करियाटोला चपरासी सूर्यमुखी कुंजे संलग्न गुण्डरदेही,आड़ेझर चपरासी गोपालसिंह निषाद संलग्न कोबा उपरोक्त सभी ने यही से आवागमन की जानकारी बीईओ कार्यालय डौंडी में विकासखंड शिक्षाधिकारी को दी गई है।

लेकिन ब्लाक के अनेक स्कूल के प्राचार्यों ने विकासखंड शिक्षाधिकारी के आदेश की पूरी तरह अवहेलना कर कोई जानकारी संप्रेषित नहीं की गई है। जिनमें चिखली स्कूल प्राचार्य, कोंडेकसा स्कूल प्राचार्य,कोटागांव स्कूल प्राचार्य,मंगलतराई स्कूल प्राचार्य, घोटिया स्कूल प्राचार्य आदि दुर्ग भिलाई रायपुर से आवागमन वर्षों से कर रहे है,अब देखना यह होगा शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी इस गंभीर मामले में कैसा रुख अख्तियार कर रहे है।

**अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी**

बाहर से आने वाले शिक्षकों के सूची आदेश बाद मिली है लेकिन प्राचार्यों ने अब तक जानकारी नहीं भेजी है,ऐसे शिक्षकों की कुंडली जिला शिक्षा कार्यालय को भेजकर मेरे द्वारा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।
**- जे एस भारद्वाज विकासखंड शिक्षाधिकारी डौंडी**

## ढाबों में परोस रहे शराब

# आबकारी ने पकड़ी मध्यप्रदेश की विदेशी शराब, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आबकारी विभाग ने 3 जून 2025 को अन्य राज्य की अवैध शराब के विक्रय एवं धारण की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी टीम ने कार्यवाही कर आरोप को पकडा है। आरोपी द्वारा मध्यप्रदेश की शराब को ढाबा में खपाई जा रही थी।

■ जिले में तेजी से खप रहा पडौसी राज्य का शराब

ग्राम नगपुरा थाना पुलगांव पहुंचकर आरोपी भरत भूषण टण्डन निवासी पुरानी बस्ती सुपेला के हाल मुकाम मोर ढाबा, ग्राम नगपुरा की विधिवत तलाशी लेने में तलाशी में आरोपी के कब्जे से मध्य प्रदेश राज्य की 2 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की, 3 बोतल मेक्डावल नम्बर वन व्हिस्की, 12 अद्धी मेक्डावल नम्बर वन अद्धी व्हिस्की, 12 पाव मेक्डावल नम्बर वन व्हिस्की, 10 पाव रॉयलस्टैग व्हिस्की, 60 पाव गोवा व्हिस्की। इस प्रकार कुल 99 शीशियों में भरा कुल 23.01 बल्क लीटर विदेशी मदिरा व्हिस्की जप्त किया गया। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य 20100 रूपये है।

### आरोपी को भेजा गया जेल

मौके पर आरोपी के कब्जे से अत्यधिक मात्रा में विदेशी शराब पाए जाने एवं आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का उल्लघंन किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध विधिवत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। इस प्रकरण की विवेचना आबकारी उप निरीक्षक हरीश पटेल द्वारा की जा रही है। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा, धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, भूपेंद्र नेताम, आरक्षक संदीप तिर्की, देवप्रसाद पटेल एवं खुलदीप यादव का विशेष योगदान रहा।

# महाराजा चौक से प्रगति मैदान होते हुए बोरसी तक निकलेगी साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण हेतु 5 जून को प्रातः 7 बजे मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, अध्यक्षता विधायक गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा व प्रभारी काशीराम कोसरे, समस्त एमआईसी सदस्य, पार्षदो की उपस्थिति में महाराजा चौक से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये रैली महाराजा चौक से लेकर प्रगति मैदान बोरसी तक सायकल के माध्यम से पर्यावरण और धरती मां को संरक्षित करने रैली निकाली जाएगी। सायकिल रैली के बाद प्रगति मैदान में बड़े तादात पर कार्यक्रम में शामिल अतिथियों जिला प्रशासन, निगम अधिकारियों एवं आम जन द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजित किया गया है।

■ पर्यावरण को संरक्षित करने प्रेरित करने होगें एकजूट

### पौधारोपण कार्यक्रम स्थल

प्रगति मैदान वार्ड न. 50, बोरसी समयः प्रातः 7 बजे साईकल रैली एवं वृक्षारोपण करने के बाद हरियाली युक्त शहर के उद्धेश्य सेबच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से रचनात्मकता भाग लिया। इसमें विजेता बच्चो को पर्यावरण दिवस के दिन प्रगति मैदान पर अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान से जीवन में हर किसी को एक पेड़ लगाकर बड़े होने तक देखभाल के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर हुआ महायज्ञ का आयोजन

**अंडा।** गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में किया गया, जिसमें गायत्री परिवार सहित ग्रामीण जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गंगा दशहरा वह पवित्र दिवस है जब पतित पावनी माँ गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुईं, हमें पापों से मुक्ति और जीवन को शुद्ध करने का अवसर प्रदान किया। वहीं, गायत्री जयंती वेदमाता गायत्री के अवतरण का पर्व है, जो ज्ञान, विवेक और आत्मिक प्रकाश की प्रतीक हैं। डॉ ,चिन्मय पंड्या द्वारा गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर समस्त गायत्री परिवार को एक भावपूर्ण, जागरूकता से भरा और आत्म-संवादात्मक संदेश दिया गया है। यह संदेश न केवल एक मार्गदर्शक का मार्गदर्शन है, बल्कि एक युगद्रष्टा की पुकार भी है—जो हमें हमारे आत्मिक उत्थान, सामाजिक उत्तरदायित्व और युगधर्म की ओर स्मरण कराता है। डॉ. साहब स्पष्ट करते हैं कि गायत्री जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, नवसंकल्प और युग साधना में नई ऊर्जा भरने का दिवस है। यह दिन हमें यह विचार करने का अवसर देता है कि युग परिवर्तन के इस महान अभियान में हमारी भूमिका क्या है, और हम उसे कैसे सार्थक बना सकते हैं। इस दौरान गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रमुख यशवंत देशमुख, संतोष देवांगन, प्रेमलाल देशमुख,संजय साहू, सुशीला चंद्राकर, तुलसी साहू,सीता साहू,कचरी यादव, देविका,वाणी सहित गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

# प्रदेश में एजुकेशन पिछड़ा, फिर भी शासकीय स्कूलों को बंद करने का निर्णय अविवेकपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्याम टंडन के दिशा निर्देश अनुसार पूरे छत्तीसगढ़ के साथ दुर्ग जिले में भी बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल का नाम 3 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जो नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिए गए निर्णय के तहत प्रदेश के 10,463 शासकीय विद्यालयों को बंद करने का जो आदेश जारी किया गया है। वह न केवल अविवेकपूर्ण है बल्कि प्रदेश की सामाजिक शैक्षिक संरचना को गहराई से प्रभावित करने वाला निर्णय है, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य पहले से ही शिक्षा के क्षेत्र में देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। ऐसे में इस प्रकार का निर्णय प्रदेश के अनूसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, व सर्व समाज के गरीब तबके के बच्चे की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर देगा ये वे वर्ग से है जो वर्षों से शिक्षा से वंचित रहे हैं और जिनके लिए सरकारी विद्यालय ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम है। इससे शिक्षक वर्ग में असमंजसता बेरोजगारी बढ़ेगी और शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देगी।

■ तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



### एसएमएस 7 ने किया रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने मई के महीने में मासिक स्टील उत्पादन में सर्वकालिक कीर्तिमान स्थापित किया है। एसएमएस-3 ने 2,013 ब्लो के माध्यम से 3,39,275 टन स्टील का रिकॉर्ड उत्पादन कर जनवरी में बोकारो स्टील लिमिटेड के एसएमएस-2 द्वारा बनाए गए 3,37,520 टन के पिछले सर्वाधिक उत्पादन को पीछे छोड़ दिया।

# शिविर में 70 से अधिक लोगों ने लगाए हाई सिक्योरिटी नंबर

**दुर्ग।** श्री महावीर जैन श्वेतांबर सेवा समिति जिला परिवहन विभाग दुर्ग के सहयोग से जैन सामाज एवं व्यापारिक बन्धुओं के लिए दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस एवं एचएस आरपी नंबर प्लेट शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के पीछे महावीर भवन में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने आकर इस शिविर में जानकारी ली तथा 57 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए 70 एचएसआरपी नम्बर प्लेट तथा बहुत से लोगों का आरसी बुक में नम्बर अपडेट किया गया। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के विशेष प्रयासों से जिला परिवहन विभाग के एसएस लकड़ा परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में इस सफल शिविर का संयोजन किया गया। सुभाष बंजारे, रिंकू प्रसाद पाण्डेय रवि निर्मलकर धर्मेंद्र देवांगन रिंकू दिनेश मारोठी प्रकाश देशलहरा अनूप गटागट निर्मल बोथरा राजेन्द्र मारोठी बसंत गोगड़ भंवर लाल पारख का इस शिविर के आयोजन में उत्कृष्ट सहयोग रहा। आयोजन समिति की ओर से शिविर में सेवा देने वाले सदस्यों का भी श्रीफल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## तरिया से ताल की ओर कदम ताल करती एकेडमी

# वर्ल्ड रिकार्ड में शुमार हो चुके पुरई के तैराक, दे रहे तालीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/पुरई

ग्राम पुरई के जांबाज युवाओं में इनका पहले नाम आता है, तैराकी के राष्ट्रीय कोच व वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले ओम कुमार ओझा का, जिन्होंने अपनी लगन व मेहनत और जज्बे से साधनविहीन स्थितियों से जूझकर ऐसे प्रतिभावान तैराक पैदा किए, जो आज राष्ट्रीय तैराकी के आकाश में तारे की तरह जगमगा रहे हैं। यही वजह है, कि तैराकी की दुनिया में ग्राम पुरई ऐसा परचम लहरा रहा है, जो देश दुनिया के लिए एक मिसाल बन गया है और छत्तीसगढ़ का गौरव भी इसी छोटे से खेल ग्राम पुरई के डोंगिया तालाब में नहाते नहाते ओमकुमार ओझा सपनो की दुनिया में तैरने लगे और उस सपने ने ऐसी करवट ली कि, पानी की दुनिया पानी पानी हो गई। धीरे धीरे अपने गुर को निखारते हुए किशोर युवाओं की ऐसी टीम खड़ी की जिन्होंने तैराकी की दुनिया में इतिहास रच दिया। आज उनके मार्गदर्शन में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले ईश्वर ओझा छह घंटे और चंद्रकला ओझा, तनुश्री कोसरे आठ घंटे तैरने का विश्वरिकार्ड बना चुके है।

■ 8 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व अन्य खिताब शामिल

### एकेडमी चुनौती के लिए है तैयार

ओमकुमार ओझा के मार्गदर्शन में 8 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और कई उपलब्धियां हासिल की है। आज स्थिति यह है, कि एकेडमी के तैराक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी की भी चुनौतियां देने के लिए तैयार है। जिसके लिए गांव में अंतर्राष्ट्रीय स्विमिंग पुल बनाने की मांग को लेकर अग्रसर है। गत दिनों क्षेत्र के सांसद विजय बघेल और क्षेत्रिय विधायक ललित चंद्राकर की मौजूदगी में स्विमिंगपूल निर्माण का शिलान्यास उपस्थित जनप्रतिनिधि समाज सेवी खेल प्रेमी और ग्रामवासियों द्वारा किया गया।



### तैराकों को दे रहे प्रशिक्षण

कोच ओमकुमार ओझा ने बताया कि, तैराकी केवल एक खेल नहीं अपितु जीवन से जुड़ी हुई विद्या है। स्वयं की मांग है, कि हर बच्चे को तैराकी आनी चाहिए। इसके साथ साथ इसे कैरियर का एक हिस्सा भी बनाया जा सकता है। आज एकेडमी के सदस्य छत्तीसगढ़ व उसके बाहर जाकर लोगों को तैराकी का प्रशिक्षण भी दे रहे है। उन्होने बताया कि, स्वीमिंग पुल में अंतराष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलने से कई खिलाडी गांव से निखरकर देश व विदेशों में अपने धमक दिखाएंगे।

## पेज 11 के शेष

### दाई बबा दिवस शिविर ...

प्रेरित करना कि वे अपने दादा दादी, नाना नानी को उक्त कार्यक्रम मे लेकर आये जिसमे बुजुर्गो हेतु प्राथमिक सेवाएं जैसे रक्तचाप, रक्त शर्करा, मोतियाबिंद, हड्डियो की जांच, मानसिक स्वास्थ जांच, मुख्य जांच आदि सेवाएं प्रदान की गई।

### जिला व ब्लाक के ...

स्वास्थ कार्यक्रम डॉ संजीव ग्लेड ने बताया कि डिस्पोजेड प्लास्टिक के सेवन से कई तरह की स्वास्थ समस्याएं होती है। प्लास्टिक मे विशाक्त पदार्थ होते है जब यह जल रहा होता हे तो जो धुआ निकलता है वह स्वास्थ के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। जिले के सभी स्वास्थ केन्द्रो मे वि”व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियो पौधा रोपण, रंगोली, संगोष्ठी का आयोजन कर जन जागरूकता कार्य किया गया।

### महिला पंच उसके पति और ....

एवं जगदेव साहू ने कॉलम खड़ी करने पर विवाद कर गाली गलौज की। जिसके बाद जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की। बीच बचाव करने पति, बेटा आया तो दोनो के साथ ही मारपीट की। जगदेव साहू ने स्प्रींग पाईप से बेटे से मारपीट की। पुरूर थाने मे रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### भाजपा सरकार की नीतियों ...

कांग्रेस की नीतियों के बारे में अवगत कराया। कांग्रेस ने हमेशा हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्य किए हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। महंगाई बढ़ती जा रही है। अपराध चरम सीमा पर पहुंच गया है। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने नये लोगों को जोड़ना महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने का काम करें। इस अवसर पर अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,पूर्व जिला पंचायत सभापति योगिता चन्द्रकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, मनोज पावर, युगल देशमुख, गुहाराम देशमुख, तारा शर्मा, देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य दामिनी देशमुख, लीला देशमुख, सरपंच मंचादूर युगल साहू, दिलीप साहू, चाँदखान,पूर्णिमा साहू, लेखन साहू,दुस्यंत साहू,कृष्णा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### फागुनदाह में नंदी का किया अंतिम संस्कार

**गुरूर**। ग्राम फागुनदाह मे ग्राम के नंदी जी का आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्रामीणो द्वारा किया गया। इस अवसर पर अंतिम संस्कार मे उपस्तिथ ग्राम प्रमुख यशवंत साहू एवं लखन साहू एवं पंचायत प्रतिनिधि तोषण मरकाम एवं उपसरपंच माधव साहू एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया गया।

### किरणमयी नायक द्वारा जिला प्रकरणों की सुनवाई का आयोजन

**बालोद**। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक 12 जून को सुबह 11 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राज्य महिला आयोग को प्राप्त बालोद जिले से संबंधित प्रकरणों का सुनवाई करेंगे। बैठक में सभी संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### विनायकपुर विद्यालय में पर्यावरण दिवस मनाया

अंडा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें जूनियर रेडक्रॉस के द्वारा पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित करते हुए वॉलिंटियर्स के द्वारा चित्रकला, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता मे प्रथम संध्या देशमुख द्वितीय मुस्कान देवांगन , निबंध प्रतियोगिता में प्रथम भेनु देवांगन, द्वितीय अमरीका , व स्लोगम में प्रथम गरिमा देशमुख,द्वितीय गिरिजा रही। इन प्रतियोगिताओं के चलते बच्चों ने जागरूक किया की पर्यावरण की रक्षा करना हमारे लिए कितना आवश्यक हैं पर्यावरण के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख मंजीत सिंह राजपूत,रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी,संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, दीपमाला यादव, तरुण साहू, भावना निर्मलकर , याचना देवांगन ,मानसी,सोनम ,रीतू रही एवं समस्त स्टॉफ ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### नगर की एक और बेटी मेघा भी संयम मार्ग पर अग्रसर

डौंडीलोहारा। राखी, नेहा व साक्षी के बाद नगर की एक और बेटी मेघा डोसी भी संयम मार्ग की ओर चल पड़ी है।नेहा व साक्षी के दीक्षा दिवस के अवसर पर चार जून को बीकानेर में विराजित आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा एवं बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रीराजेश मुनिजी मसा के चरणों में पारिवारिक जनों ने दीक्षा हेतु आज्ञा पत्र सौंपा। नगर के सुश्रावक रिखबचंद व मधु डोसी की सुपुत्री मेघा डोसी 27 वर्ष की जैन भागवती दीक्षा चातुर्मास काल में राजस्थान के देशनोक नगर के लिए आचार्य भगवन ने स्वीकृती प्रदान की है।मेघा डोसी नवदीक्षिता साध्वी रामनिभाश्रीजी म.सा.की कजिन बहन है।उल्लेखनीय है कि आचार्य भगवन का इस वर्ष का चातुर्मास राजस्थान के देशनोक नगर में होगा।जो आचार्य भगवन की जन्मभूमि भी है।दीक्षा की तिथि आगे तय की जाएगी। संघ के गौतम सांखला ने बताया कि आज्ञा पत्र होने के बाद मुमुक्षु बहन मेघा डोसी व परिवार जनों के 6 जून को सुबह लगभग 8 बजे नगर में शुभ आगमन होना है। संघ समाज की गरिमामय उपस्थिति में दीक्षार्थी बहन को सम्मान पूर्वक जयघोष के साथ बधाते हुए नगर के पुराने बस स्टैंड से रिखब डोसी के निवास स्थान तक ले कर आना है।इस हेतु तैयारियां की जा रही है।मुमुक्षु बहन व पारिवारिक जनों के स्वागत व अभिनंदन हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का निवेदन किया गया है।

### प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**बालोद**। शिक्षा सत्र 2026–27 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2025–26 में अध्ययनरत कक्षा 5वीं के छात्र–छात्राएँ जिनका जन्म 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 है ऐसे विद्याथएँ नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

## शिक्षा नीति : दूरस्थ अंचल के स्कूलों के बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

# युक्तियुक्तकरण से जिले की शालाओं में शिक्षकों उपलब्धता होगी सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की एक व्यापक और प्रभावशाली प्रक्रिया शुरू की है। इस पहल से दूरस्थ, आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षा की गुणवत्ता का नया संतुलन कायम होगा। राज्य शासन का कहना है कि युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। इसके अंतर्गत शालाओं और शिक्षकों का तर्कसंगत समायोजन किया जा रहा है। जहां जरूरत ज्यादा है, वहां शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो रहा है। जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम है, उन्हें नजदीकी बेहतर संसाधनों वाले विद्यालयों के साथ समायोजित किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

### बालोद जिले में युक्तियुक्तकरण की पहल का दिख रहा असर

बालोद जिले के विभिन्न प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में अब न्यूनतम दो से तीन शिक्षक पदस्थ किए गए हैं। जिले में 81 सहायक शिक्षक, 33 शिक्षक और 7 व्याख्याताओं को काउंसलिंग के माध्यम से उन शालाओं में पदस्थ किया गया है जहां शिक्षकों की वास्तविक आवश्यकता थी। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां वर्षों से शिक्षक नहीं थे। गणित, विज्ञान जैसे विषयों के विशेषज्ञ अब स्कूलों में मौजूद हैं, जिससे छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षकों की पदस्थापना पूरी पारदर्शिता के साथ वरिष्ठता और विकल्पों के आधार पर की जा रही है। काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी कर चयनित शिक्षकों को तुरंत पदस्थापना आदेश भी दिए गए हैं। इससे न सिर्फ संसाधनों का समुचित वितरण हो रहा है, बल्कि विद्यालयों में पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कंप्यूटर व खेल सामग्री जैसी सुविधाओं की व्यवस्था भी बेहतर हो रही है।

**युक्तियुक्तकरण की नीति से शिक्षा में आ रहा संतुलन :** इस नीति से शिक्षा की असमानताओं को दूर करने में मदद मिल रही है। एक ही परिसर में संचालित शालाओं का एकीकरण कर प्रशासनिक खर्च में भी बचत हो रही है। यह पहल राज्य में शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, समावेशी और संतुलित बना रही है, जिससे हर विद्यार्थी को समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बालोद के स्कूलों में शिक्षक

**दल्लीराजहरा**। छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की एक व्यापक और प्रभावशाली प्रक्रिया शुरू की है। इस पहल से दूरस्थ, आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षा की गुणवत्ता का नया संतुलन कायम होगा। राज्य शासन का कहना है कि युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। इसके अंतर्गत शालाओं और शिक्षकों का तर्कसंगत समायोजन किया जा रहा है। जहां जरूरत ज्यादा है, वहां शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो रहा है। जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम है, उन्हें नजदीकी बेहतर संसाधनों वाले विद्यालयों के साथ समायोजित किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

### बालोद जिले में युक्तियुक्तकरण की पहल का दिख रहा असर

बालोद जिले के विभिन्न प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में अब न्यूनतम दो से तीन शिक्षक पदस्थ किए गए हैं। जिले में 81 सहायक शिक्षक, 33 शिक्षक और 7 व्याख्याताओं को काउंसलिंग के माध्यम से उन शालाओं में पदस्थ किया गया है जहां शिक्षकों की वास्तविक आवश्यकता थी। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां वर्षों से शिक्षक नहीं थे। गणित, विज्ञान जैसे विषयों के विशेषज्ञ अब स्कूलों में मौजूद हैं, जिससे छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षकों की पदस्थापना पूरी पारदर्शिता के साथ वरिष्ठता और विकल्पों के आधार पर की जा रही है। काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी कर चयनित शिक्षकों को तुरंत पदस्थापना आदेश भी दिए गए हैं। इससे न सिर्फ संसाधनों का समुचित वितरण हो रहा है, बल्कि विद्यालयों में पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कंप्यूटर व खेल सामग्री जैसी सुविधाओं की व्यवस्था भी बेहतर हो रही है। युक्तियुक्तकरण की नीति से शिक्षा में आ रहा संतुलन इस नीति से शिक्षा की असमानताओं को दूर करने में मदद मिल रही है। एक ही परिसर में संचालित शालाओं का एकीकरण कर प्रशासनिक खर्च में भी बचत हो रही है। यह पहल राज्य में शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, समावेशी और संतुलित बना रही है, जिससे हर विद्यार्थी को समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विकासखंड के 120 ग्राम पंचायतों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष अभियान चला कर सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन को अपने दिनचर्या से हटाने स्वच्छाग्रही समूह ने पहल किया। गांव गांव में बने ब्लैक स्पाट जहां सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन बिखरा हुआ था जिसे स्वच्छाग्रही समूह की दीदियों ने साफ सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विकास खंड में गांव गांव में बने ब्लैक स्पाट को कैसे सुंदर बनाएं? जिसकी रूपरेखा सीईओ पंकज देव के दिशा निर्देश में तैयार की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के दिन ही सिंगल यूज प्लास्टिक पालीथिन का बहिष्कार कर हम शांत बैठ जायेंगे तो पर्यावरण का संरक्षण संभव नहीं है इसके लिए जन जागरूकता अभियान की जरूरत है। लोगों में व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता है। जैसे हमने स्वच्छाग्रही समूह के दीदियों के साथ ग्रामीणों को शामिल कर शत प्रतिशत शौचालय का उपयोग करने व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य किया और आज हमने सफलता अर्जित किया है। हर व्यक्ति अपने शौचालय का उपयोग कर रहे हैं। ठीक उसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सीईओ पंकज देव ने कहा है कि प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ की नारा को सफल बनाने हमारे स्वच्छा ग्रही समूह की दीदियां विकास खंड में बेहतर कार्य कर रही है। इनका मनोबल बढ़ाने तथा मार्गदर्शन करने एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा लगातर ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रहे हैं। इस अभियान में सभी शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण करने में अपनी भूमिका निभाए। पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना ही विश्व पर्यावरण दिवस का प्रमुख लक्ष्य है। डौंडीलोहारा विकास खंड में

विशेष रूप से महिला समूह, स्वच्छाग्रही दीदियां, ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने उन्हे प्रशिक्षण दिया गया है।

स्वच्छाग्रही समूह के ब्लाक अध्यक्ष रमन बावरे ने बताया कि डौंडीलोहारा विकासखंड की हमारी दीदियां स्वच्छता अभियान के साथ साथ बूंद बूंद पानी बचाने, पौधा रोपण करने, सोकपीट बनाने, प्लास्टिक पालीथीन का बहिष्कार करने विशेष अभियान चला रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां बेहतरीन कार्य कर रही है। दुधली की गोमती देशमुख, सकून बारले, आशा ठाकुर, ज्योति ठाकुर सहित स्वच्छा ग्रही समूह दुधली की सदस्यों ने जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप फैले प्लास्टिक पालीथीन की साफ सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया।

# किल्लेकोडा विद्यालय में पर्यावरण दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के सभागार में पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर शासन के आदेशानुसार एक गोष्ठी का आयोजन अजय मुखर्जी (प्राचार्य) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। गोष्ठी का टॉपिक था प्लास्टिक प्रदूषण से पर्यावरण को सुरक्षित कैसा रखा जाए? इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए ,जे.पी. बांधव व्याख्याता ने कहा कि -पर्यावरण दिवस के दिन हम सब शपथ लेकर प्लास्टिक से बने हुए कोई भी चीज ना खरीदे और एक पेड़ अवश्य लगाए और उसे सुरक्षित रखने के लिए एक-एक पेड़ गोद लें।

जिससे पर्यावरण सुरक्षित व संतुलित रह सके। मुखर्जी सर ने कहा कि- पर्यावरण की अगर सुरक्षा चाहते हैं ,तो पेड़ों की कटाई पर विराम लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ,तथा प्लास्टिक से बने चीजों का उपयोग न करते हुए कार्य करें इससे सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन व संपादन डॉक्टर बी .एल .साहसी (व्याख्याता) ने किया। संचालन के दौरान उन्होंने कहा कि- आज लगातार वनों की कटाई जिस तेजी से हो रही है जिससे पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है, जिसकी वजह से समय में बारिश पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रहा है। आम जनता के साथ-साथ किसानों के लिए जो चिंता का विषय है क्योंकि अधिकांशतः कृषि बारिश के पानी पर निर्भर है।अतः पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए परिवार, समाज ,व गांव में अभियान चलाना आवश्यक है , साथ ही प्लास्टिक मुक्त होने के लिए अभियान चलना चाहिए, जिससे वे जागरूक हो सके ।आभार प्रदर्शन वाय. एस.मरकाम (वरिष्ठ व्याख्याता) ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित नहीं होने के कारण आज तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसकी सुरक्षा अधिक से अधिक पेड़ लगाकर किया जा सकता है। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन विद्यालय में किया गया था। जिसमें लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कुमारी मोनिका प्रथम, कुमारी पूजा दितीय तथा मनीष कुमार तीसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर श्रवण यादव , खगेस ठाकुर, बांधव सर,साहू सर, डा.साहसी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता का दिया संदेश

**डौंडी**। स्वच्छ भारत हरित भारत /" अभियान के अंतर्गत दिनांक 05.06.2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर पंचायत डौंडी में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों के द्वारा स्वच्छ भारत हरित भारत ग्रीन प्लेज ,प्लॉगिंग कार्य, झोला बैंक स्थापना, और् कंपोजिट शेड में पौधा लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहंतीन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री संतोष देवांगन, वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल, पार्षद अमरीका ठाकुर, भुनेश्वरी कुंभकार, रेखा चौहान, यदुनंदन देहारी , हितेंद्र धनकर, अनिल निर्मलकर, प्रशांत नेताम एवं नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# बोड़रा मे 5 कुंडलीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया



**गुरूर**। ग्राम बोड़रा मे 5 कुण्डलीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मे महिलाएं व पुरूश पीले वस्त्र धारण कर गायत्री यज्ञ मे सम्मिलित होने पहुंचे। जहां विधायक संगीता सिन्हा भी यज्ञ मे सम्मिलित होने पहुंची। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा को अपने बीच पाकर लोग प्रसन्नता पूर्वक उनका स्वागत व आभार करते दिखे।

ग्राम बोड़रा मे 5 कुण्डलीय गायत्री यज्ञ मे सम्मिलित होने पहुंची विधायक संगीता सिन्हा ने आम लोगो के बीच बैठकर यज्ञ मे सामूहिक आहुती दी तथा गायत्री परिवार द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रमो मे सम्मिलित हुई। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा कई वि"ेश कार्यक्रमो का आयोजन लगातार किया जाता रहता है और गायत्री परिवार द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम समाज को कुछ सीख देता है और समाज कल्याण से जुड़ा होता है। जिससे गायत्री परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम से समाज का भला होता है। इसी प्रकार आज बोड़रा मे आयोजित 5 कुण्डलीय गायत्री यज्ञ से समाज के नई पीढ़ी को अपने संस्कृति व सभ्यता की सीख मिलती है तथा यज्ञ के आयोजन से प्रकृति शुद्व होती है और वातावरण शुद्व होता है तथा यज्ञ के आयोजन से यज्ञ आयोजन स्थल के आस पास का वातावरण यज्ञ के कारण सकारात्मक हो जाता है। इसलिए आम जनता को गायत्री परिवार द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे भाग लेकर कुछ नया सिखने का अनुभव करना चाहिए।

# बीकानेर में नगर की दो मुमुक्षु बहनों की दीक्षा में हुई और किया गया नामकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- नेहा डोसी व साक्षी भन्साली ने संयम के जीवन पथ पर अग्रसर



नगर की दो मुमुक्षु बहनों नेहा डोसी व साक्षी भन्साली का बुधवार को बीकानेर में जैन भगवती दीक्षा सम्पन्न हो गया।बीकानेर के सेठिया कोठड़ी भवन में जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के मुखारविंद से सुबह लगभग छ बजे शुभ मुहूर्त में करेमि भंते के पाठ से दीक्षा का विधिवत पचखान हुआ।दोनों ही मुमुक्षु बहनो के साथ दो भाई व एक बहन कुल मिलाकर पांच दीक्षा सम्पन्न हुए।आचार्य भगवन ने पांचों ही नवदीक्षितो के नए नामकरण किए। जिसमे नगर की नेहा डोसी अब रामनिभाश्रीजी मसा व साक्षी भंसाली अब रामसुधाश्रीजी मसा के नाम से जिनशासन की प्रभावना करेंगी।हैदराबाद निवासी दो सगे भाई व उनकी माता का भी नगर की इन दोनों मुमुक्षु बहनो के साथ ही धर्मगुरु आचार्य भगवन के मुखारविंद से दीक्षा सम्पन्न हुआ। मुमुक्षु भाई मयंक सोनावत हैदराबाद

अब राम मूर्ति मुनि जी म.सा.मुमुक्षु भाई हार्दिक सोनावत हैदराबाद अब रामहंस मुनिजी मसा व मुमुक्षु रेखा सोनावत हैदराबाद अब रामरूचिश्रीजी मसा के नाम से जिनशासन की भव्य प्रभावना करेंगे।उल्लेखनीय है कि इन तीनों की अक्षय तृतीया पर दीक्षा की अनुज्ञा हुई थी।ये तीनो मुमुक्षुओ में एक माँ है व दो सगे भाई उनके दो सुपुत्र है।दीक्षा उपरांत हर्ष हर्ष जय जय आदि धार्मिक जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।इस अवसर पर आचार्य भगवन व अन्य साधु साध्वियों ने उत्कृष्ट संयम जीवन व साधना आराधना की सीख देते हुए नवदीक्षितों के नवजीवन की शुभमंगल कामनाएं की गई।दीक्षा ग्रहण करने के पूर्व पुनः एक बार सभी मुमुक्षुओं ने जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना की। नगर की बेटी महाराज ने नवदीक्षित साध्वियों की अगुवानी की—दीक्षित होने के बाद व संयम जीवन अंगीकार करने के बाद नगर की बेटी महाराज साध्वी रामरक्षाश्रीजी मसा ने अन्य साध्वियों के साथ तीनों ही नवदीक्षितों की साधु मर्यादा में अगुवानी की व अपने साध्वियों के वृन्द में शामिल किया।नवदीक्षित संत महाराज की अगुवानी उपस्थित अन्य संत समुदाय ने किया।नवदीक्षित संतो ने सर्वप्रथम आचार्य भगवन के चरण स्पर्श करते हुए पर्युपाषणा की।

ब्रह्ममुहूर्त में मुंडन व वेश परिवर्तन-इसके पूर्व अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में मुमुक्षु बहन नेहा व साक्षी के उपस्थित परिजनों व सामाजिक बंधुओं के सानिध्य में रामपुरिया हवेली में मुंडन का कार्यक्रम हुआ।मुंडन के पश्चात लाभम की बहनो ने विधिवत साध्वियों के वेश पहनाए।परिजनों ने अपने हाथों से ओगा पात्रा व अन्य संयमी जीवन के उपकरणों को दिया गया।मुमुक्षु नेहा व साक्षी ने पुनः अंतिम बार सांसारिक जीवन के जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना की।व उपस्थित समस्त जन समुदाय से धर्ममय जीवन जीने की बात कहते हुए कुछ न कुछ पचखान ग्रहण करने की बात कही।मंगलपाठ के बाद मुमुक्षु बहन नेहा व साक्षी की महाभिनिष्क्रमण यात्रा शुरू हुई।साध्वियों के वेश में ओगा पात्रा अन्य संयमी उपकरण के साथ विशाल जनसमूह जयकारों के साथ दोनों ही बहन संसार के सुखों व पारिवारिक जनों के मोह माया को छोड़कर आत्मिक शांति व सुख की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ चली।पारिवारिक जनों व अन्य लोग पीछे पीछे जुलूस की शक्ल में चल रहे थे। गगनभेदी नारे व जयघोष से वातावरण गुंजायमान था।रामपुरिया हवेली से सेठिया कोठड़ी तक दोनों ही बहनों की महाभिनिष्क्रमण यात्रा चली। सेठिया कोठड़ी में विराजमान धर्मगुरु आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के मुखारविंद से दोनों ही बहनो ने संयम जीवन को स्वीकार किया अब वे साध्वियों के समान जीवन व्यतीत करेंगी।साधु जीवन के आचार संहिता के अनुसार चलेंगी।

# कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने नवयुवाओं को समर्पण और कौशल विकास की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में धमतरी जिले के कुरूद में संचालित प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन में प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात राज्य व देश के विभिन्न शहरों के निजी संस्थानों में जॉब प्राप्त करने वाले जिले के नवयुवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिले के नवयुवकों को निजी संस्थानों में जॉब प्राप्त होने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने निजी संस्थानों में जॉब प्राप्त करने वाले सभी नवयुवकों को अपने कार्य के प्रति समर्पित रहकर कठिन परिश्रम, निरंतर ज्ञानार्जन एवं कौशल उन्नयन करते हुए अपने फील्ड में उपलब्धि हासिल करने की सीख दी। उल्लेखनीय है कि प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कुरूद में 45 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त करने पश्चात जिले के 13 युवा–युवतियों को प्रीमियम सोलर कंपनी हैदराबाद, ईडीएमसी सोलर रायपुर, दुर्गेश प्लम्बिंग रायपुर, अशोक प्लंबिंग वर्क भिलाई, महेश्वरी सैनिटरी बालोद, सेलिब्रेटी रिसॉर्ट हैदराबाद, बरदिहा रिसॉर्ट धमतरी, अविनाश इंटरनेशनल जगदलपुर में जॉब प्रदान किया गया है। इन सभी युवा–युवतियों का निःशुल्क एक लाख रूपये राशि की प्री एक्सेडेंशियल बीमा भी किया गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

# नशामुक्ति व पुनर्वास केंद्र का कलेक्टर ने निरीक्षण किया और पीड़ितों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के रेलवे क्रांसिग के पास स्थित एकीकृत नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में भतएँ हुए लोगों से बातचीत कर उन्हें नशा के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

मिश्रा ने नशापान को मनुष्य के अवनति का सबसे बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि नशापान से ग्रसित रहने वाले लोगों का व्यक्तिगत जीवन बर्बाद होने के साथ–साथ उनके पारिवारिक कलह का कारण बनने के अलावा समाज में भी इसका गंभीर दुष्परिणाम भी सामने आता है। मिश्रा ने नशामुक्ति केंद्र में भतएँ लोगों को नशापान से दूर रहकर अपने एवं अपने परिवार के जीवन को सुखमय बनाने तथा राष्ट्र एवं समाज के विकास में अपने भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने नशामुक्ति केन्द्र में भतएँ लोगों से भोजन, नाश्ता आदि के अलावा उनके लिए नशामुक्ति केन्द्र में मनोरंजन तथा इलाज आदि की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने नशामुक्ति केन्द्र के प्रभारी से यहाँ भतएँ लोगों को नशापान से दूर रखने, उनकी समुचित इलाज तथा काउंसलिंग आदि नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए।

## नशा के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी



### मनोरंजन कक्ष का अवलोकन

इसके अलावा उन्होंने मरीजों को प्रतिदिन कराए जाने वाले योगाभ्यास आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने नशामुक्ति केन्द्र के भोजनालय एवं मनोरंजन कक्ष आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने भोजनालय कक्ष में पहुँचकर खाद्य सामग्री तथा मेन्यू आदि का अवलोकन कर निर्धारित मेन्यू के आधार पर गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इसके अंतर्गत उन्होंने कार्यालय परिसर में स्थित जिला निःशक्तजन पुनर्वास केन्द्र में कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष, फीजियोथेरेपी कक्ष आदि का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष में साफ–सफाई आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा वहाँ निर्मित की जाने वाली सामग्रियों आदि को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय परिसर में समुचित मात्र में पौधरोपण कर इनकी देखभाल की पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

## खबर संक्षेप



### विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल में पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**डौंडीलोहारा।** गुरुवार को शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटेरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख अनीता सिंह, शिक्षकगण प्रेमचंद महलेश्वर, दुष्यंत कुमार बारले, दिनेश कुमार ठाकुर, तोषण कुमार पटेल, स्वीपर चुम्मन लाल भालेंद्र, दिलीप कुमार सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास समिति एवं गणमान्य नागरिक श्रीमती नीलू भालेंद्र की उपस्थिति में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

### मारुति इंस्टीट्यूट में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



**बालोद।** ग्राम दानीटोला में स्थित मारुति इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमे कॉलेज के प्रिंसिपल डेनियल दीपक मसीह के नेतृत्व में शिक्षकों व विद्यार्थीयो द्वारा पौधा रोपण किया गया एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए स्टाफ व विद्यार्थीयो ने शपथ लिए कि हमेशा पौधा रोपण करने से पर्यावरण सुरक्षित होगा।

### भाजपा नेताओं ने पर्यावरण दिवस पर किया पौधा रोपण



**जामगांव आर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को सुरपा के तालाब पार,स्कूल परिसर में भाजपा नेता प्रमोद जैन, नरेंद्र धर्मगुड़ी, सौरभ सार्वा, होरीलाल यादव, गजानंद ठाकुर, हीरालाल ढीमर ने पौधारोपण किए। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन ने कहा कि संतान को पर्यावरण का विरासत अवश्य दे। पौधारोपण से शुद्ध हवा पानी मिलेगी जो आने वाली पीढ़ी के लिए अनमोल उपहार साबित होगी।

### नवागांव बी पर्यावरण दिवस मनाया और किया पौधारोपण



**जामगांव आर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर ग्राम नवागांव बी के ग्रामीण द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण किया गया। इस पावन कार्य में उपसरपंच छगनलाल साहू, देवहुति किरण, मेश्राम, दीपा, झामन महलवार, दिलीप नेताम, श्रवण नेताम, कुमार साहू, रुचि साहू, धुवी साहू आदि का सराहनीय योग दान रहा।

## आयोजन : नगर पालिका कार्यालय परिसर में किया पौधारोपण

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्काउट्स गाइड्स ने लिया पेड़ संरक्षण का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विश्व पर्यावरण दिवस पर स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा नगर पालिका परिषद परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को वार्षिक कैलेंडर के अनुसार जिला संघ बालोद भारत स्काउट एवं गाइड्स एवं नगर पालिका परिषद बालोद के सहयोग से सी मार्ट बालोद के परिसर पर विभिन्न फलदार छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया।

उक्त दिवस राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त पीसी मरकले, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर, डीओसी स्काउट नेम सिंह साहू के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद बालोद के सहयोग एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के बालोद के स्काउटर गाइडर द्वारा आंवला, नीम, मुनगा, तथा छायादार पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात पर्वतारोहण शिविर पचमढ़ी में भागीदारी किए। स्काउटर, गाइडर को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमल सोनी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा अध्यक्ष द्वारा सभी स्काउट, गाइड को ष्एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका बालोद के सभी पार्षद, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, डीटीसी स्काउट भुवन सिन्हा, डीटीसी गाइड सीमा साहू, ब्लॉक सचिवगण रूपेंद्र सिन्हा, मनी राम साहू, चंद्रशेखर दिल्लीवार, छगन बंसोर, एसआर प्रेमन, सयुक्त सचिव नोम साहू, घनेश्वरी साहू, तनूजा बंजारे, लिलिपुष्पा एक्का, सीनियर स्काउटर गाईडर योगेश्वर प्रसाद गांगुली, कमला वर्मा, नेमीचंद बढ़ाई, चंद्रलेखा ठाकुर, बेनी राम साहू का सहयोग रहा।

## विश्व पर्यावरण दिवस ग्राम ओरमा में मनाया



**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा में सरपंच मंजूलता पारस साहू के प्रयास से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर छायादार बदाम का पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। सरपंच ने आम नागरिक को अपील करते हुए कहा कि अधिक संख्या में पेड़ लगाए। उक्त अवसर पर उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंच डोमार कुंभकार, फ़गिनी निषाद, पंचायत सचिव संतोष साहू, वरिष्ठ नागरिक बलराम साहू, परशुराम साहु, —षि विस्तार अधिकारी रेणुका साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू, रामलाल साहू सभी ने पर्यावरण को बचाए रखना पंचायत परिसर पर छायादार पौधा लगाकर सभी नागरिकों को एक पेड़ लगाने की अपील की।

### खुटेरी पंचायत परिसर में 11 पौधों का किया रोपण



**गुण्डरदेही।** विश्व पर्यावरण दिवस पर व एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत परिसर खुटेरी में 11 पौधा लगाया गया। इस अवसर पर जिला पर्यावरण के संयोजक सतीश महोबीया, मंडल कोषाध्यक्ष एवं सरपंच नवीता साहू, सौरभ जैन, शक्ति केंद्र के संयोजक पृथ्वी साहू उपस्थित थे।

### ग्राम भरदाखुर्द में तालाब किनारे किया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम भरदाखुर्द में तालाब किनारे एक पेड़ मां के नाम के तहत युवाओ ने पेड़ लगाया। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू, भाजयुमो उपाध्यक्ष डिलेंद्र कुमार साहू, पूर्व उपसरपंच दशरथ साहू, सतीश साहू, अशोक साहू उपस्थित थे।

## कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीओ वनमंडल बालोद डिम्पी बैस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, समाज सेवी संस्थाएं, गणमान्य नागरिक, रेडक्रॉस के वालिंटियर्स, बिहान की महिलाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पौध रोपण किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 8 बजे ग्राम नाहंदा के पौधरोपण स्थल में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने विधिवत पूजा अर्चना कर पौधरोपण कर की। उन्होंने इस अवसर पर उंपस्थित लोगों से पौधरोपण करने के पश्चात उसकी देखभाल करने की अपील भी की। जिसके पश्चात उपस्थित अधिकारी कर्मचारी, समाज सेवी संस्थाएं, गणमान्य नागरिक, रेडक्रॉस के वालिंटियर्स, बिहान की महिलाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा औषधीय तथा वन उत्पाद संबंधी पौधों का रोपण वृहद रूप से किया गया। रोपे गए पौधों में हर्रा, बहेरा, अमलतास, हल्दु, शीशम, बांस सहित अन्य प्रजाति के पौधे शामिल थे। कलेक्टर मिश्रा ने नाहंदा के पश्चात जिले के दंतेश्वरी मईया सहकारी शक्कर कारखाना परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के तहत आम का पौधा रोपकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने वहां कारखाना में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें सही तरीके से पौधरोपण करने तथा नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने की बात कही।

जिसके पश्चात कलेक्टर मिश्रा ने आदमाबाद स्थित 'अपना घर' वृद्धाश्रम परिसर में वृद्धजनों से भेंटकर उन्हें पौधा भेंट किया। उन्होंने वृद्धजनों से कहा कि वे आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम परिसर में एक–एक पौधा जरूर लगाएं। इसके साथ ही आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'स्वच्छ भारत, हरित भारत' अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत डौण्डी में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन चोरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर एवं नगर पंचायत के पार्षदों के अलावा अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एंव अधिकारी कर्मचारियों ने पौधारोपण किया।

## प्रयास क्लब भिरई ने पौधा रोपण किया



**गुरूर।** नव युवा जन जागरण प्रयास क्लब ग्राम भिरई के मित्रें ने पौधा रोपण किया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा रोपण कर पर्यावरण स्वच्छता व पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित युवा साथी व भाजपा नेता अजेंद्र साहू ने अपने हाथों से पेड़ तो लगाया ही साथ में दो पेड़ की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड (लोहे की जाली) अपनी ओर से प्रदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मण्डल गुरूर अजेन्द्र साहू, लिकेश हिंदू, खिलेश्वर प्रसाद साहू, कौशल साहू, डिगेश्वर साहू, फलेंद्र सिन्हा, महेश्वर साहू, कवींद्र, हलधर, नीरज कुमार उपस्थित थे।

## भोथली में पौधारोपण पेड़ों की देखभाल का लिया संकल्प



**अंडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम भोथली में नीम एवम बरगद का पौधा रोपण जनपद सदस्य दामिनी साहू के मार्गदर्शन में किया गया और उसे सहेजने और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया जिसमे मुख्य रूप से छेत्र की जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू मौजूद रहीं। साथ में सरपंच नेमिन खुटेल ,पूर्व सरपंच रमेश साहू , पंडवानी गायिका सोनम साहू, जय मां अम्बे भजन मंडली के सदस्य गण एवम प्राथमिक शाला भोथली के शिक्षक गण मौजूद रहे। साथ में जनपद सदस्य ने कहा की सिर्फ पेड़ लगाकर हम पर्यावरण को सुरक्षित नही रख सकते। यही पर हमारा काम खतम नही होता है, बल्कि उसको बड़ा होते तक सहेजने और उसकी देखभाल करना पड़ता है, पूर्व में भी शासन के योजना के अनुसार हमारे ग्राम में एवम आस पास के कई गांवों में वृहद रूप से पौधा रोपण किया गया था। लेकिन आज एक भी पेड़ जीवित नहीं है इसलिए सिर्फ पेड़ लगाकर नही छोड़ना है, बल्कि उसके बड़े होते तक उसकी देखभाल हमे ही करना है तभी पेड़ लगाने का कोई महत्व रहेगा।

## खैरा स्कूल में पर्यावरण दिवस पर इको क्लब के महत्ता की जानकारी दी गई

**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरा के इको क्लब प्रभारी शिक्षक खेमन्त साहू ने सर्वप्रथम शालाओं में इको क्लब गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इको क्लब के कार्यों से अवगत कराया। आयोजन में ग्राम पंचायत खैरा की सरपंच निर्मला कोसमा और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ ग्राम के कुल 16 महिला स्व-सहायता समूहों के कुल सदस्यों ने भाग लिया ।

■ खैरा में पर्यावरण दिवस पर विशेष आयोजन किया गया

चर्चा परिचर्चा अंतर्गत वर्तमान में जल स्तर में होने वाली कमी के कारणों और समाधान पर भी चर्चा किया गया क्योंकि भू-जल स्तर में कमी आज प्रत्येक गांव की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है इसलिए समूह की महिलाओं द्वारा इस विषय पर सारगर्भित चर्चा करते हुए आने वाले पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण के उपाय करने मिलकर प्रयास करते हुए अपने अपने घरों में सोखता निर्माण हेतु शपथ भी लिया गया,जिसकी शुरुआत गांव में हो चुका है। प्लास्टिक मुक्त वातावरण के सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, डिस्पोजल गिलास और पत्तल स्थान पर के सामूहिक रूप से स्टील थाली और गिलास का प्रबंध करना आदि विषयों पर सार्थक चिंतन किया गया। पेड़ पौधों और उसके फायदे पर सारगर्भित चर्चा करते हुए आगामी बरसात में उपस्थित सदस्यों द्वारा एक एक पेड़ लगाकर उसके देखरेख का भी संकल्प लिया गया साथ ही बच्चों को ऐसे कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने पर विचार रखा गया ताकि बच्चों में पर्यावरण और पेड़ पौधों में रुचि बढ़े। इस क्रम में महिला समूह द्वारा भविष्य में बारिश के समय गांव में बृहद वृक्षारोपण और संवर्धन का शपथ लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों को एक एक पौधा भेंटकर उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लिया गया। महिलाओं द्वारा बरसात में मिलजुलकर पौधारोपण करने का भी निर्णय लिया। आयोजन को सुश्री एनुका शार्वा ने भी संबोधित किया। इस आयोजन में संस्था प्रमुख द्वय प्रेम सिंह कोलियारे और सुदामा गेंड्रे, शिक्षक हेमेंद्र साहू,असरफ खान, इंद्रजीत तथा ग्राम के पंचगण ,पालक,और समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

## मोर गांव, मोर पानी विषय पर कार्यशाला



**बालोद/सिकोसा।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत सिकोसा क्लस्टर अंतर्गत कुल 33 ग्राम पंचायत के जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का मोर गांव, मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन हेतु जनप्रतिनिधि, समुदाय एवं विभाग का संगम विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिममें गुड गर्वेनेन्स, महाअभियान अंतर्गत जल सरंक्षण, जन जागरूकता, अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है। उक्त प्रशिक्षन प्रगति महिला संकुल स्तरीय संगठन सिकोसा क्लस्टर में आयोजित की गयी है।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम रविवार को होगा आयोजन

**अंडा।** ग्राम पंचायत भवन अंडा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम रविवार, समय सुबह 10 बजे से रखा गया है। इस कार्यक्रम अतिथि गण जया रवि वर्मा, साथ ही साथ क्षेत्र के जनपद सदस्य अजित चन्द्राकर, ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिंहा उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार साहू ने कहा कि इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आस पास के ग्रामीण जनों से अनुरोध है कि अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भाग लेवें।



## 3 माह का एक मुश्त मुफ्त चावल दिया

**गुण्डरदेही।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना से तीन माह का एक मुस्त मुफ्त चावल दिया जा रहा है, जहा गुरुवार को हल्दी मटिया ह के ग्रामीणो को सोसायटी से तीन माह का चावल एक मुस्त दिया गया। इस अवसर पर जनपद सभापति अनिल कटहरे शामिल हुए।

## बालोद में वन विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग जिला बालोद के द्वारा कलेक्टोरेट मार्ग सिवनी के रिजर्व फॉरेस्ट क्रमांक 248 के वन भूमि में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा, नूतन कंवर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर उप वनमण्डलाधिकारी डिम्पी बैस, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने पौध रोपण किया। इस अवसर कलेक्टर मिश्रा ने उपस्थित लोगों को संपूर्ण जीव–जगत के लिए पेड़–पौधों की महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौध रोपण करने तथा रोपे गए पौधे की सुरक्षा हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े–मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411